तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि

रायपुर, रविवार 1 मार्च 2026

04 खरोरा से तिल्दा-नेवरा तक निकाली गई ...



05 छात्रों ने बनाये वर्किंग और नॉन-वर्किंग मॉडल





**खबर संक्षेप**

## परियोजना अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी

**गोपालपुर।** अतिरिक्त कलेक्टर न्यायालय द्वारा पारित आदेश की अवहेलना करने के आरोप में परियोजना अधिकारी विजय प्रभात सरल को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। न्यायालय ने इसे गंभीर प्रशासनिक लापरवाही मानते हुए निर्धारित समय सीमा में स्पष्ट जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि आदेश की अवमानना सिद्ध होती है तो संबंधित अधिकारी के निलंबन एवं विभागीय कार्यवाही की अनुशंसा की जाएगी।



मामला वर्ष 2013 में ग्राम चोरभट्ठी के परसाभाठा में नियुक्त आंगनबाड़ी कार्यकर्ता महेश्वरी साहू से जुड़ा है। आरोप है कि उन्हें प्रताड़ित करने की नीयत से अनावश्यक प्रशासनिक दबाव बनाया गया और विभिन्न प्रक्रियाओं के माध्यम से परेशान किया गया। शिकायत न्यायालय तक पहुंची, जहां से पारित आदेश का पालन अपेक्षित था, किंतु कथित रूप से आदेश के पालन में गंभीर उदासीनता बरती गई।प्रशासनिक व्यवस्था में न्यायालय के आदेश सर्वोपरि होते हैं। ऐसे में किसी जिम्मेदार अधिकारी द्वारा न्यायिक निर्देशों की अनदेखी न केवल विभागीय अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खड़ा करती है, बल्कि शासन की जवाबदेही और पारदर्शिता पर भी सीधा प्रहार मानी जाती है। महिला एवं बाल विकास जैसे संवेदनशील विभाग में पदस्थ अधिकारी से अपेक्षा की ▸▸ शेष पेज 05 पर

### राजस्व मंत्री ने किसानों को स्प्रेयर पम्प, मछुआ समिति को जाल व आइस बॉक्स का वितरण किया

# जिले के 157378 किसानों के खातों में 578 करोड़ से अधिक की अंतर राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने शनिवार को बिलासपुर जिले के जनपद बिल्हा अंतर्गत ग्राम रहंगी में आयोजित राज्य स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह में धान की अंतर राशि 10324 करोड़



84 लाख अंतरित कर किसानों को होली की सौगात दी। इसमें जिले के 157378 किसानों के 578 करोड़ 36 लाख रुपये शामिल हैं। इस समारोह से जिला ऑडिटोरियम बलौदाबाजार में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम के माध्यम से वर्चुअली जुड़े थे।

सर्वाधिक अंतर राशि प्राप्त करने वाले 10 किसान- कृषक उन्नति योजना अंतर्गत सर्वाधिक राशि प्राप्त करने वाले जिले के 10 किसानों में दशरमा निवासी किसान पीताम्बर साहु उपार्जित धान की मात्रा 1517 क्विंटल, प्राप्त राशि 1109073 रुपये, नगरदा निवासी किसान टेकराम नायक उपार्जित धान की मात्रा 1297 क्विंटल ▸▸ शेष पेज 05 पर



### 25 लाख किसानों को 10,324 करोड़ की राशि अंतरित

जिला स्तरीय कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के मेहनत को सम्मान देते हुए उनके खाते में 10324 करोड़ से अधिक राशि अंतरित किया है। किसानों की ख़ुशी और समृद्धि के लिये हमारी सरकार लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने मोदी की अधिकांश गारंटी को पूरा किया है। इस अवसर पर 10 किसानों को स्प्रेयर पम्प, 8 मछुआ समितियों को जाल एवं 4 समितियों को आइस बॉक्स, 20 को पीएम किसान सम्मान निधि सम्मान पत्र प्रदान किया गया।

### ब्लॉक के 32 हजार किसानों के खातें में पहुंची राशि

**सिमगा।** मंडी प्रांगण में आयोजित ब्लॉक स्तरीय कृषक उन्नति योजना अंतर्गत आदान सहायता राशि वितरण समारोह के मुख्य अतिथि पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा शामिल हुए। सिमगा ब्लॉक के 32 हजार दो सौ 91 किसानों के खातों में एक सौ ग्यारह करोड़ 54 लाख 23 हजार 397 रुपए बोनस राशि प्रदान की गई। शिवरतन शर्मा ने कहा विष्णु देव सरकार ने जो किसानों से वादा किया था उसे निभा कर पूरा किया है। सरकार ने प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान खरीद कर 3100 रु की दर से राशि प्रदान किया है। किसानों की आर्थिक स्थिति सुधारने का कार्य किसी ने किया है तो वह भाजपा सरकार है।





कांग्रेस सरकार में किसानों को अंतर की राशि किस्तों में प्रदान कर परेशान करने के कार्य किया गया, लेकिन हमारी सरकार ने किसानों को एक बार में ही अंतर राशि प्रदान कर यह प्रमाणित किया है कि सुशासन की यह सरकार किसानों को सशक्त और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव ने कहा कि आज किसान अगर प्रति एकड़ 21 क्विंटल धान बेच पा रहे हैं उसका श्रेय शिवरतन शर्मा को जाता है जिन्होंने ने भाटापारा शाखा नहर के कार्य को आगे बढ़ाकर किसानों के खेतों में पानी पहुंचाया है। आज उनके प्रयासों से 70 हजार एकड़ भूमि पर सिंचाई हो रही है। जिसके फलस्वरूप क्षेत्र के किसानों की स्थिति सुधर रही है। भाजपा नेता अनिल पांडेय एवं मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी ने भी किसानों को अंतर राशि मिलने पर बधाई देते हुए कहा कि हमारी सरकार जो वादा करती हैं उसे अक्षर सह पूरा भी करती है। कार्यक्रम के समापन अवसर पर अन्नदाता किसानों को सम्मान पत्र प्रदान किया ▸▸ शेष पेज 05 पर

## मादा गौर शिकार के फरार आरोपियों में दो ने किया सरेंडर

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बलौदाबाजार

वनपरिक्षेत्र अर्जुनी अंतर्गत अक्टूबर माह में घटित मादा गौर शिकार प्रकरण में फरार चल रहे चार आरोपियों में से दो ने न्यायालय में आत्मसमर्पण किया, जहां से उन्हें जेल दाखिला कराया गया। ज्ञात हो कि इस प्रकरण में पूर्व में तीन आरोपी पहले ही गिरफ्तार कर न्या यि क हिरासत में भेजा गया था।

- वन विभाग की सख्त कार्रवाई जारी, शेष आरोपियों की तलाश जारी

उक्त घटना में वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के अंतर्गत गंभीर



अपराध पंजीबद्ध किया गया था। घटना के पश्चात वन विभाग द्वारा निरंतर निगरानी, विशेष गश्त एवं मुखबिर तंत्र को सक्रिय रखते हुए आरोपियों की तलाश की जा रही थी। लगातार प्रयासों एवं सघन कार्रवाई के परिणामस्वरूप मुख्य आरोपी जगदीश चौहान एवं अभिमन्यु चौहान, दोनों निवासी बिलाड़ी ने न्यायालय के समक्ष आत्मसमर्पण किया। प्रकरण में शेष फरार आरोपियों ▸▸ शेष पेज 05 पर

## सागौन वाटिका में मिली युवक की लाश, पुलिस को हत्या की आशंका

**खरोरा।** ग्राम मांठ तिल्दाडीह पहुंच मार्ग स्थित सागौन वाटिका में अल सुबह एक युवक की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पाकर खरोरा पुलिस घटना स्थल पहुंची और अज्ञात युवक की पहचान करने पर जुटी, जहां मृतक की पहचान खरोरा के वार्ड 10 निवासी 27 वर्षीय किशोर उर्फ मोनू के रूप में हुई। मृतक के शरीर व सिर पर कई जगह चोट के निशान के आधार पर युवक की हत्या करने की बात कही जा रही है। वहीं इस हत्याकांड को लेकर पुलिस हर पहलू पर जांच कर हत्यारे को जल्द ही पकड़े जाने की बात कह रही है।



### लाश मिलने से सनसनी

उक्त जगह पर अल सुबह गेट के समीप एक 27 साल के युवक की अर्धनग्न अवस्था में लाश मिलने की जानकारी पुलिस को मिली। घटना स्थल पहुंची पुलिस लाश की स्थित देख व शरीर के कई जगह गहरे जख्म को देख इसे हत्या मान युवक की मौके पर उपस्थित लोगों पहचान कराई, जहां युवक की पहचान खरोरा निवासी के रूप में हुई। लाश की स्थित देख अंदाजा लगाया कि युवक की जमकर पीटा गया है व सिर पर वार कर मौत के घाट उतार गया। पुलिस का दावा है अपराधी को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा और इस हत्याकांड की गुत्थी को सुलझा लिया जावेगा। इस बीच लाश का पंचनामा कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।



# खरोरा से तिल्दा-नेवरा तक निकाली गई पैदल निशान यात्रा

## खाटू नरेश बाबा श्याम के जयकारों के साथ प्रारंभ हुई यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

श्री श्याम सेवा समिति खरोरा एवं नगर के श्याम प्रेमियों द्वारा शुक्रवार को खाटू नरेश बाबा श्याम के फाल्गुन मेले के उपलक्ष्य में श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर से श्री श्याम मंदिर तिल्दा-नेवरा तक पैदल निशान यात्रा निकाली गई।

महाराजा अग्रसेन वार्ड स्थित श्री लक्ष्मीनारायण मंदिर में विधिवत निशान पूजन के पश्चात बाबा श्याम की आरती की गई और निशान यात्रा को सफल बनाने की अर्जी लगायी गई। तत्पश्चात भजनों और बाबा श्याम के जयकारों के साथ सुबह 7 बजे श्याम बाबा के सुंदर रथ के साथ निशान यात्रा प्रारम्भ हुई और लगभग 26 किलोमीटर का मार्ग पार करते हुए दोपहर 2.30 बजे तिल्दा-नेवरा स्थित श्री श्याम मंदिर पर पहुंची।

इस यात्रा में लगभग 100 से अधिक श्रद्धालु अपने हाथों में श्याम बाबा के रंग बिरंगे निशान लेकर पैदल यात्रा में शामिल हुए। छोटे बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों सहित हर उम्र के श्याम प्रेमी इस पैदल यात्रा में शामिल हुए। पैदल यात्रियों की सुविधाओं के लिए श्री श्याम सेवा समिति खरोरा एवं तिल्दा-नेवरा के श्याम प्रेमियों द्वारा यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं के लिए जगह जगह जल, छाछ, चाय-नाश्ता, फल, चॉकलेट, बिस्किट, आइसक्रीम, मिठाईयों और शीतल पेय की व्यवस्था की गई थी।



### भजनों की धुन में होली खेली गयी

श्याम मंदिर पहुंचने पर श्री श्याम मित्र मंडल नेवरा द्वारा निशान लेकर पहुंचे सभी श्रद्धालुओं का भव्य स्वागत किया गया और सुमधुर भजनों की धुन में होली खेली गयी। निशान अर्पण करने के बाद श्री श्याम प्रभु की आरती की गयी। आरती के पश्चात श्याम मित्र मंडल नेवरा द्वारा सभी श्रद्धालुओं के लिए भोजन-प्रसाद की व्यवस्था भी रखी गयी। आयोजन को सफल बनाने में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, तहसीलदार महोदय एवं खरोरा और तिल्दा-नेवरा के पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग मिला।

## खबर संक्षेप



### अज्ञात युवक का किया अंतिम संस्कार

**महासमुंद**। नेशनल हाइवे में ग्राम अमावस-बेलटुकरी चौक के पास एक अज्ञात व्यक्ति उम्र 30-35 साल, भूरा कमीज और हल्के नीले रंग का पेंट पहने हुए था, का सड़क हादसे में देहांत हो गया, जिसका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम सेवा समिति के सदस्य राजू चंद्राकर, डा. जे शुक्ला, ओमप्रकाश औसर, फगवा पटेल, सुरेश साहू, संतोष साहू मुन्ना, एजाज नकवी, संजय साहू, मनोज पटेल और गुमान जैन द्वारा किया गया।

### निषाद सामुदायिक भवन में टीना शेड का भूमिपूजन



**महासमुंद**। ग्राम पंचायत खट्टा के निषाद भवन में टिन शेड का भूमिपूजन किया गया। मुख्य अतिथि जनपद अध्यक्ष दिशा रामस्वरूप दीवान द्वारा किया गया और ग्राम के सरपंच राजकमल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि मैने गुहा जयंती कार्यक्रम में निषाद भवन प्रांगण के लिए 5 लाख का घोषणा की थी। स्वीकृत के बाद आज मुझे भूमिपूजन का किया गया। कार्यक्रम में निषाद समाज के अध्यक्ष देव कुमार निषाद, गणेश निषाद, ऋषि निषाद, नरोत्तम निषाद, छोटू निषाद, मानिक राम निषाद, प्रेमा बाई निषाद, श्याम बाई निषाद एवं निषाद समाज के लोग उपस्थित रहे।

### डा. राजेंद्र प्रसाद की जयंती मनाई



**महासमुंद**। ग्राम खरोरा में भारत के प्रथम राष्ट्रपति व महान भारतीय स्वतंत्रता सेनानी डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती पर नमन किया गया। भूषण चंद्राकर ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद भारतीय स्वाधीनता आंदोलन के प्रमुख नेताओं में से थे और उन्होंने भारतीय राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में प्रमुख भूमिका निभाई। उन्होंने भारतीय संविधान के निर्माण में भी महत्वपूर्ण योगदान दिया था। इस दौरान मितानिन कौशल्या चंद्राकर, मितानिन लता चंद्राकर, भारती चंद्राकर, शशि चंद्राकर, रुपेश चंद्राकर, मयंक चंद्राकर उपस्थित रहे।

### पेंशनर्स एसोसिएशन की मासिक बैठक आज

**महासमुंद**। पेंशनर्स एसोसिएशन महासमुंद की मासिक बैठक 01 मार्च को बेमचा स्थित गायत्री मंदिर परिसर में अपरान्ह 3 बजे से आयोजित की गई है। इस बैठक में प्रमुख रूप से इस माह के अंत में आयोजित की जाने वाली वार्षिक पेंशनर सम्मेलन की रूपरेखा तैयार की जाएगी तथा नये सदस्यों का स्वागत किया जाएगा। पेंशनर्स एसोसिएशन अध्यक्ष-रामकुमार साहू, उपाध्यक्ष द्वय चंद्रबदन मिश्रा आदि ने सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

## होली के पूर्व गिधौरी थाना में हुई शांति समिति की बैठक

# हुड़दंगियों पर पुलिस की रहेगी पैनी नजर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी

स्थानीय थाना में होली त्यौहार को लेकर शांति समिति की बैठक शनिवार को हुई। बैठक थाना प्रभारी प्रवीण मिंज एवं टुण्डरा तहसीलदार युवराज कुर्रे की उपस्थिति सम्पन्न हुई। थाना प्रभारी ने बताया कि होली पर्व में शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने एवं क्षेत्र में शांतिपूर्वक होली मनाया जाये और किसी तरह भी हरे भरे वृक्षों को कटाई नहीं करना है तथा बिजली खंभे के नीचे होलिका दहन नहीं करेंगे और हुड़दंग नहीं करने की हिदायत दी गई। साथ साथ हुड़दंगियों पर कड़ी से पैरी नजर रखी जावेगी। सड़क, रोड को व्यवधान नहीं करने की बात कही गई और शांतिपूर्ण एक दूसरे पर रंग गुलाल लगाने की अपील की गई है। उन्होंने कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाहों पर ध्यान न दें तथा कानून-व्यवस्था बनाए रखने में प्रशासन का सहयोग करें।

अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि होलिका दहन एवं रंगोत्सव के दौरान शांति व्यवस्था भंग करने वालों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। बैठक में खुशियली पटेल सरपंच बलौदा, देव प्रसाद सरपंच गिधौरी, कृष्ण कुमार मिरी पटवारी, भोजराम साहू अमलीडिंग, व्यास नारायण श्रीवास जनपद सदस्य, शंभू यादव खपराडीह, प्रकाश यादव बरपाली, योगेश साहू, विनोद केसरवानी गिधौरी, मदन खांडेकर गिधौरी, किशन राय सरपंच प्रतिनिधि खपराडीह आदि उपस्थित थे।







### सिटी कोतवाली में हुई शांति समिति की बैठक

**बलौदाबाजार**। थाना सिटी कोतवाली परिसर में शांति समिति का बैठक हुई। बैठक में होली पर्व शांति एवं भाईचारा पूर्वक मनाने, बिजली के तार के नीचे होलिका दहन नहीं करने, हरे भरे पेड़ को होलिका में नहीं डालने, मुखौटा का उपयोग नहीं करने, शराब एवं नशे के हालत में वाहन नहीं चलाने, वर्तमान समय में स्कूली बच्चों का परीक्षा को देखते हुए तेज लाउडस्पीकर नहीं बजाने, जबरदस्ती किसी भी महिला या नाबालिग बच्चों को रंग नहीं लगाने और किसी भी प्रकार के कोई भी वाहन चालक गलत तरीके से वाहन चलाते मिलने पर फोटो वीडियो बनाकर त्रिनयन शिकायत नंबर पर अपलोड करने बताया गया। साथ ही होली पर्व पर किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की सूचना जिले के पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर अथवा समाधान सेल के नंबर पर तत्काल प्रदान करने बताया गया।



### थाना में हुई शांति समिति की बैठक

**पलारी**। होली पर्व शांति एवं सौहार्दपूर्ण माहौल में मनाने शनिवार को थाना प्रभारी परिवेश तिवारी की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, कोतवाल, पत्रकार, नगर पंचायत के पार्षदों ने हिस्सा लिया। थाना प्रभारी परिवेश तिवारी ने होली पर्व पर लोगों से आपसी भाईचारा बनाए रखने की अपील करते हुए कहा कि किसी भी प्रकार की अफवाह पर ध्यान न दें तथा संदिग्ध गतिविधियों की सूचना तुरंत प्रशासन को दें। होली के दौरान संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी और गश्ती दल सक्रिय रहेगा। डीजे और जुलूस के लिए निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य होगा। बैठक में निर्णय लिया गया कि किसी को जबरन रंग न लगाया जाए तथा कानून-व्यवस्था भंग करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले साथ ही अन्य कानून की जानकारी देते हुए लोगों को जागरूक की और ऐसे होता है तो विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। बैठक में जनपद अध्यक्ष सविता भीम यादव, नगर पंचायत रोहासी अध्यक्ष नंदेश्वर साहू, नगर पंचायत पलारी उपाध्यक्ष पिंटू वर्मा, सहित थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधि पार्षदगण, पत्रकार, कोटवार, सरपंच बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



# ब्लॉक स्तर पर हुआ किसान सम्मेलन





हरिभूमि न्यूज ⏭ खरोरा

नगर के मंगल भवन में विकास खंड स्तरीय वृहद किसान सम्मेलन का आयोजन कर बोनस त्यौहार मनाया गया। इसमें परिक्षेत्र के हजारों किसान सम्मिलित हुए। मुख्य अतिथि रायपुर जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के किसान हित में किये कार्य योजना के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। विशिष्ट अतिथिगण जिला पंचायत के सदस्य व सभापतिगण स्वाति वर्मा, सरोज चन्द्रवंशी, शैल महेन्द्र कुमार, नगर पंचायत अध्यक्ष सुनिता अनिल सोनी, नगर पालिका तिल्दा के अध्यक्ष चन्द्रकला वर्मा, उपाध्यक्ष पलक विकास सुखवानी, उपाध्यक्ष सुमितसेन, खरोरा मंडल अध्यक्ष सोना वर्मा, बंगोली मंडल अध्यक्ष चन्द्रकांत साहू, तिल्दा मंडल अध्यक्ष द्वय मनोज निषाद, नरसिंग वर्मा व भाजपा महिला प्रकोष्ठ की जिला अध्यक्ष रश्मि वर्मा रहे। समारोह में भाजपा के समस्त पदाधिकारी, कार्यकर्ता युवा भाजपा व भाजपा महिला प्रकोष्ठ के कार्यकर्ताओं सहित परिक्षेत्र के ग्रमीण उपस्थित थे।

# केसदा में सीसीटीवी और खंभों पर लगेंगी लाइट

हरिभूमि न्यूज : सिमगा

ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत केसदा में स्वदेश मेटालिक प्राइवेट लिमिटेड द्वारा सीएसआर मद के तहत सीसीटीवी कवरेज गली लाइट का लोकार्पण एवं सामुदायिक भवन पूजन कार्यक्रम हुआ। उक्त निर्माण कार्य की लागत लगभग 40 लाख है।

इस दौरान सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों को पौधा वितरण भी किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, जनपद पंचायत सिमगा अध्यक्ष दौलत पाल, उपाध्यक्ष गोपाल शुक्ला, सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे, सरपंच शिवकुमार तूरकाने, भाजपा मंडल अध्यक्ष चंद्रमणि तिवारी, स्वदेश मेटालिक प्लांट से आदित्य सिंघानिया, केके तिवारी, आदि उपस्थित हुए। अंत में अतिथियों ने कहा कि सीसीटीवी लगने से ग्रामीणों को बहुत लाभ मिलेगा। सामुदायिक भवन निर्माण से भी ग्रामीणों को लाभ होगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित हुए।



# शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर बनाये संकुल समन्वयक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

जिले में शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने जिला शिक्षा अधिकारी जेआर डहरिया ने सेजेस स्कूल भटगांव में विकासखंड बिलाईगढ़ के समस्त संकुल समन्वयकों की बैठक ली।

बैठक में विकासखण्ड स्रोत समन्वयक बीआरसी सी सारंगढ़ सत्येंद्र बसंत, तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला नोडल संजीव कुमार राजेत्री सेजेस स्कूल भटगांव के प्राचार्य प्रीतम भारद्वाज उपस्थित थे। बैठक में युडायस में सत्यापन कार्य पूर्ण करने, वीं एस के एप्प में शत प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य रूप से करने, एल पी जी गैस से मध्याह्न भोजन सुचारू रूप से बनाने मध्याह्न भोजन योजना के तहत बच्चों को स्वस्थ पंक्तियों में साफ सुथरे स्थानों में भोजन कराने विद्यालयों का आकस्मिक अवलोकन तथा शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाने के लिए निरंतर प्रयास करने की निर्देश प्रदान किए। डीईओ ने सभी उपस्थित संकुल समन्वयकों को निर्धारित कार्यों को समयबद्ध तरीके से पूर्ण करने के निर्देश दिए। वहीं बैठक में बोधी लाल कत्थाकार, चंद्रशेखर भोई, हेमचंद्र साहू, विजय साहू, नारायण चौधरी एवं विकासखंड बिलाईगढ़ के समस्त संकुल समन्वयक उपस्थित थे।



■ जिला शिक्षा अधिकारी ने ली संकुल समन्वयकों की बैठक




## दीवारें केवल ईंट-पत्थर नहीं होतीं, वे बोलती भी हैं

**महासमुंद**। विद्यालयों में वाल भित्ति चित्र, प्रिंट रिच सामग्री और एफएलएन के अंतर्गत गतिविधि आधारित बाला पिक्चर स्कूल के वातावरण को सुंदर, आकर्षक और सीखने योग्य बनाते हैं। जब कक्षाएं रंगों, शब्दों और चित्रों से जीवंत होती हैं, तब बच्चों में जिज्ञासा, संवाद और सीखने की उत्सुकता स्वतः बढ़ती है। शिक्षकों को चाहिए कि वे विद्यालय में बने चित्रों और प्रदर्शित सामग्री को केवल सजावट न मानें, बल्कि उन्हें शिक्षण का सशक्त माध्यम बनाएं। बच्चों से चित्रों पर चर्चा करें, उनसे प्रश्न पूछें, उनमें छिपे संदेश समझाएं। प्रदर्शित फोटो किस महान व्यक्तित्व का है, उनका समाज और राष्ट्र निर्माण में क्या योगदान रहा, यह बच्चों को अवश्य बताएं। इससे बच्चों में ज्ञान के साथ-साथ संस्कार और प्रेरणा भी विकसित होगी। उक्त बातें बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा ने शासकीय प्राथमिक शाला कुर्मीपारा के अवलोकन के दौरान शिक्षकों को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने जोर दिया कि विद्यालय की हर दीवार सीखने का अवसर बने और हर चित्र बच्चों के भविष्य को उज्ज्वल बनाने का माध्यम बने। अवसर पर प्रधानपाठक कामनी चंद्राकर एवं शिक्षिका टिकेश्वरी साहू उपस्थित थीं।

# वृंदावन विद्यालय में विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन




हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

वृंदावन विद्यालय में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी 2025-26 का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी का मुख्य विषय "सतत भविष्य के लिए विज्ञान" रखा गया है। इसमें बच्चों ने अपनी उत्कृष्ट वैज्ञनिक एवं सृजनात्मक क्षमता का प्रदर्शन करते हुए जल संरक्षण, ग्रीन क्लीन सिटी, प्रदूषण-मुक्त वातावरण, सौर मंडल, सड़क सुरक्षा, सौर उर्जा, आदि विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उपप्राचार्य इंदु मिश्रा द्वारा क्रमवार प्रदर्शित माडल का निरीक्षण किया गया। संचालक एमआर विश्वनाथन ने अपने उद्बोधन में कहा कि यह विज्ञान प्रदर्शनी बच्चों के बौद्धिक विकास और उनकी जिज्ञासा को नई दिशा देने का एक अनूठा मंच है। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने छात्रों में वैज्ञानिक जिज्ञासा, कौशल और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा दिया। इस विज्ञान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान छात्र युगांश, मोक्षराज एवं हर्षित ने प्राप्त किया, जिन्होंने अपने माडल में वाटर डिस्पेंसर उपकरण शामिल किया, जो आवश्यकता अनुसार ठंडा या गर्म पानी उपलब्ध कराता है। द्वितीय स्थान छात्रा इशांवी व अनन्या ने प्राप्त किया, जिन्होंने हाइड्रो-इलेक्ट्रिसिटी द्वारा पानी से उत्पन्न किये जाने वाली बिजली पर आधारित माडल प्रस्तुत किया। उपप्रचार्य इंदु मिश्रा ने भारतीय विज्ञान की उपलब्धियों और भविष्य पर चर्चा की। विज्ञान प्रभारी शिक्षिका रिंकी कुर्रे ने इस विज्ञान प्रदर्शनी में भाग लेने वाले सभी छात्रों का उत्साहवर्धन करते हुए समस्त शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# आर्द्रभूमि संरक्षण संगोष्ठी 1 को

**बोइरगांव (कोमाखान)**। विज्ञान के क्षेत्र में कार्यरत प्रदेश की अग्रणी स्वयंसेवी संस्था छत्तीसगढ़ विज्ञान सभा द्वारा 1 मार्च 2026 को भारत के महान पक्षी वैज्ञानिक सलीम अली की स्मृति में बर्ड वाचिंग और वेट लैंड संरक्षण के लिए संगोष्ठी का कार्यक्रम विज्ञान आश्रम कसेकेरा में आयोजित है। साथ ही कसेकेरा के बड़े तरिया को छत्तीसगढ़ के एक ऐतिहासिक पक्षी स्थल के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

इस सेमिनार में बर्ड वॉक, आर्द्र भूमि अध्ययन, विशेषज्ञ व्याख्यान एवं संरक्षण पर संवाद शामिल है। संगोष्ठी में शोधार्थी एवं विद्यार्थी, पक्षी विशेषज्ञ एवं प्रकृति प्रेमी, वन विभाग एवं पर्यावरण कार्यकर्ता, स्थानीय समुदाय भागीदारी कर सकते हैं। इसके लिए पूर्व पंजीयन किया जाना आवश्यक है। संगोष्ठी के आयोजकों द्वारा बताया गया है कि इस बर्ड वाचिंग में समय का बहुत महत्व है। पहले सत्र में 1 मार्च की सुबह 7 बजे से बड़े तरिया में पक्षियों की पहचान और गणना का काम शुरू होगा। जबकि, दूसरे सत्र में कोमाखान बांधापारा तटबंध के आसपास की आर्द्र भूमि में आए पक्षियों का अवलोकन और अध्ययन होगा।

तीसरे सत्र में छत्तीसगढ़ में पाए जाने वाले स्थानीय और माइग्रेटरी पक्षियों के संरक्षण और नदी तालाबों को बचाने के लिए विचार विमर्श होगा। कार्यक्रम में बाहर से आने वाले पक्षी अवलोकनकर्ताओं के लिए कसेकेरा में रुकने एवं भोजन की सुविधा रहेगी।

## माय भारत पहल के तहत किया गया भ्रमण

# गुजरात के युवाओं ने किया सिरपुर का भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

माय भारत रायपुर (छग) के अंतर्गत आयोजित अंतर राज्य युवा आदान-प्रदान कार्यक्रम के तहत राज्य निदेशक अधिकारी अर्पित तिवारी के निर्देशानुसार का आयोजन किया गया। गुजरात से आए युवाओं का महासमुंद जिले के सिरपुर में ऐतिहासिक एवं प्राकृतिक स्थलों का भ्रमण कराया गया।

माय भारत महासमुंद से वसुंधरा साहू जिला युवा अधिकारी के निर्देशानुसार अशोक चक्रधारी एवं नवयुवक मंडल बिरबिरा द्वारा आगमन पर युवाओं का गुलाब फूल भेंट आत्मीय स्वागत किया गया।



इस दौरान उत्साह, सौहार्द और राष्ट्रीय एकता की भावना की सुंदर झलक देखने को मिली। कार्यक्रम के दौरान युवाओं ने ऐतिहासिक नगरी सिरपुर का भ्रमण किया। यहां उन्होंने विश्व प्रसिद्ध लक्ष्मण मंदिर, प्राचीन बौद्ध विहार, भव्य सुरंग टीला तथा श्रद्धा के केंद्र गंधेश्वर मंदिर का अवलोकन किया। साथ ही पवित्र महानदी नदी के तट पर पहुंचकर प्राकृतिक सौंदर्य का अनुभव प्राप्त किया। युवाओं को क्षेत्र के समृद्ध इतिहास, स्थापत्य कला एवं सांस्कृतिक विरासत की जानकारी दी गई। इसके पश्चात प्रतिभागियों को वन चेतना केंद्र कोडार ले जाया गया, जहां वन संरक्षण, जैव विविधता और पर्यावरण सुरक्षा के महत्व पर विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही उन्होंने कोडार डेम का भी अवलोकन किया, जहां जल संसाधन प्रबंधन एवं प्राकृतिक सौंदर्य से परिचित कराया गया। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विभिन्न राज्यों के युवाओं के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देना, राष्ट्रीय एकता की भावना को सुदृढ़ करना तथा स्थानीय धरोहरों और विकास कार्यों से परिचित कराना था। माय भारत महासमुंद से अशोक चक्रधारी ने बताया कि ऐसे कार्यक्रम युवाओं में सामाजिक जागरुकता, नेतृत्व क्षमता और राष्ट्रीय समर्पण की भावना विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

# अंतर की राशि खातों में अंतरित कर भाजपा सरकार ने किया किसानों का सम्मान

## कृषक उन्नति योजना, आदान राशि वितरण समारोह में शिवरतन ने गिनाई प्रदेश सरकार की उपलब्धि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

आज प्रदेश के अन्नदाताओं के खाते में खुशियां पहुंची है। पिछले तीन वर्षों में भाजपा सरकार का हर निर्णय किसानों के सम्मान और उनकी समृद्धि को समर्पित रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा धान के अंतर राशि का एकमुश्त अंतरण, 10 हजार करोड़ सीधे 25 लाख से अधिक अन्नदाताओं के खातों में पहुंचाना ऐतिहासिक कदम है। यह अन्नदाता के परिश्रम का सम्मान है। उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह निर्णय किसान हितैषी सोच और दृढ़ नेतृत्व का प्रमाण है। उक्त बातें शिवरतन शर्मा ने दाऊ कल्याण सिंह कृषि महाविद्यालय में आयोजित कृषक उन्नति योजना, आदान राशि वितरण समारोह में सम्मिलित किसानों को संबोधित करते हुए कहीं। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष आनंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सुनील यदु, जिलापंचायत सभापति राजा जायसवाल, जनपद अध्यक्ष सविता प्रदीप अनंत, जनपद उपाध्यक्ष भोला वर्मा, नगर पालिका उपाध्यक्ष दिलीप छाबड़यि, मंडल अध्यक्ष पवन वर्मा, डब्लू ठाकुर, राजेश पटेल, ठाकुर राम साहू, राजू यादव, सतीश सोनी, रोहित साहू, टिक्की वर्मा, बृजेश निषाद, सेवक साहू, लेखु वर्मा, बूधेश्वर वर्मा, भरत साहू, भोला देवांगन, संतोष चक्रधारी सहित पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्त्ता व अन्नदाता कृषक एवं अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



### समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण

उन्होंने कहा की यह राशि किसानों की मेहनत का सम्मान और उनकी समृद्धि के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता का प्रमाण है, त्योहारों की खुशियों से पहले सरकार ने आर्थिक सशक्तिकरण का यह संकल्प सुनिश्चित किया कि इस बार अन्नदाताओं की होली समृद्धि के रंगों से सराबोर हो।

## खबर संक्षेप



### नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने किया पदभार ग्रहण

**बलौदाबाजार।** जिले में नवपदस्थ कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने संयुक्त जिला कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। श्री शर्मा 2014 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इसके पूर्व रजिस्ट्रार सहकारी संस्थाएं, कलेक्टर बालोद एवं कलेक्टर कोरिया के रूप में पदस्थ रहे हैं। नवपदस्थ कलेक्टर श्री शर्मा का अधिकारियों ने गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। इसके पश्चात नवदस्थ कलेक्टर श्री शर्मा ने उपस्थित अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। उन्होंने इस दौरान पीएम आवास योजना अंतर्गत आवास निर्माण की प्रगति, धान उठाव की प्रगति, राजस्व प्रकरणों का निराकरण आदि की जानकारी ली। उन्होंने टीम भावना के साथ बेहतर काम करने की अपेक्षा की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत सुश्री दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर सुश्री दीप्ति गौते, एआर टंडन सहित अन्य जिला अधिकारी उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के जिला युवा अध्यक्ष बने प्रांशु

**महासमुंद।** अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा द्वारा प्रांशु चंद्राकर को जिला युवा अध्यक्ष (महासमुंद) के पद पर नियुक्त किया गया है। बता दें कि प्रांशु चंद्राकर वर्तमान में ग्राम पंचायत खैरा के सरपंच हैं। इस नियुक्ति के बाद जिला युवा अध्यक्ष प्रांशु चंद्राकर ने अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष चंद्रभूषण वर्मा एवं अखिल भारतीय कुर्मी क्षत्रिय महासभा के छत्तीसगढ़ युवा प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष मिलिंद चंद्राकर सहित पूरे समाज के पदाधिकारियों का आभार जताया है।

## कार्रवाई : 127 चालकों के विरुद्ध की गई मोटर व्हीकल धाराओं के तहत कार्रवाई

# 19 स्थानों पर पुलिस की सघन चेकिंग में 9 चालक नशे में पकड़ाए, सभी वाहन जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

होली पर्व पर पर्याप्त सुरक्षा प्रबंध बनाए रखने के लिए जिले के विभिन्न महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की गई। नाकाबंदी में अवैध रूप से शराब, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों की धरपकड़ से हड़कंप मचा रहा। जिले में 19 महत्वपूर्ण स्थानों में सायं 5 बजे से रात 8 बजे तक नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की गई।

इन सभी नाकाबंदी पॉइंट में पर्याप्त संख्या में पुलिस बल द्वारा नाकाबंदी के दौरान आने जाने वाले समस्त वाहनों एवं लोगों की सघन चेकिंग की गई तथा उनसे यात्रा आदि करने के प्रयोजन के संबंध में जानकारी लिया गया। नाकाबंदी कर चेकिंग अभियान में 6 वाहन चालकों को पकड़ा गया है, जो कि शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पाए गए हैं। इन सभी के वाहन विधिवत जप्त कर लिया गया है, जिन्हें माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही चेकिंग में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 127 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्यवाही किया गया है। संपूर्ण अभियान में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले कुल 9 लोगों को पकड़ा गया, जिनके विरुद्ध आबकारी एक्ट के विविध अधिनियमों के तहत कार्रवाई की गई है।



### नाकाबंदी अभियान में 6 नशे में वाहन चालक गिरफ्तार

नाकाबंदी चेकिंग के दौरान 6 लोगों को शराब पीकर वाहन चालन करते हुए पकड़ा गया, जिनके वाहन जब्त कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। नाकाबंदी अभियान में यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले कुल 127 व्यक्तियों के विरुद्ध मोटर व्हीकल की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई। अभियान में विभिन्न क्षेत्रों में अवैध रूप से शराब बिक्री करने वाले एवं सार्वजनिक स्थानों में शराब सेवन करने वाले कुल 9 लोगों को पकड़ा गया।

### तीन घंटे तक चला विशेष चेकिंग अभियान

जिला पुलिस ने 28 फरवरी को सायं 5 से रात्रि 8 बजे तक जिले के 19 महत्वपूर्ण स्थानों में नाकाबंदी कर सघन चेकिंग की गई। नाकाबंदी के दौरान शराब पीकर वाहन चलाने वाले लोगों, अवैध रूप से शराब एवं मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले लोगों, सार्वजनिक स्थानों में नशापन करने वाले, अवैध वस्तुओं की तस्करी करने वाले लोगों एवं यातायात नियमों की अवहेलना करने वाले लोगों की धरपकड़ हेतु चेकिंग की गई। इस दौरान जिले के बलौदाबाजार, पलारी, लवन, भाटापारा, पटपर भाटापारा, तिल्दा अंडरब्रिज चौक सिमगा, ग्राम सुहेला तिगड्डा, हथबंद तिगड्डा, कसडोल, बस स्टैंड गिधौरी, सोनाखान, गिधपुरी एवं ग्राम बया सहित विभिन्न स्थानों में नाकाबंदी पॉइंट लगाया गया।

# मिठाई दुकानें, होटलों में पहुंची खाद्य विभाग की जांच टीम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार



होली त्यौहार को दृष्टिगत रखते हुए खाद्य एवं औषधि प्रशासन की टीम द्वारा जिले में मिठाई दुकानों, होटलों का निरीक्षण किया गया। जांच के दौरान कई दुकानों से गुजिया, पेड़ा खुला व बेसन खुला का नमूना संकलन कर विश्लेषण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला कालीबाड़ी रायपुर प्रेषित किया गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने उपरांत आगे की कार्यवाही की जाएगी।

खाद्य पदार्थ फाईन बेसन ब्रांड टाटा बेसन के विक्रय वितरण एवं भंडारण के प्रतिषेध के संबंध में जिला महासमुंद से संकलित खाद्य पदार्थ टाटा संपन्न फाईन बेसन पैक्ड 500 ग्राम वैच नंबर पैक्ड तिथि 8 अगस्त 2025 अवसान तिथि 7 मार्च 2026 को कैली लैब प्रा.लि. भोपाल मध्यप्रदेश के जांच प्रतिवेदन दिनांक 27 जनवरी द्वारा असुरक्षित घोषित किया गया है। खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनिमय 2006 की धारा 38 (3) (ख) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये अभिहित अधिकारी खाद्य एवं औषधि प्रशासन जिला बलौदाबाजार-भाटापारा द्वारा उक्त खाद्य पदार्थ फाईन बेसन ब्रांड टाटा बेसन बैच नं के विक्रय वितरण एवं भंडारण को बलौदाबाजार-भाटापारा जिले के संपूर्ण क्षेत्रों में प्रतिषिद्ध किया गया है।

### नमूने लिए गए व दिए गए सख्त निर्देश

टीम द्वारा भाटापारा के खेमजी होटल, कलकत्ता स्वीट्स व न्यू काशीराम सुपर मार्केट भाटापारा का निरीक्षण किया गया एवं मिठाई का नमूना लिया।निरीक्षण के दौरान खाद्य कारोबार कर्ताओं को खाद्य परिसरों एवं खाद्य पदार्थों के निर्मित किये जाने वाले जगहों की सफाई व्यवस्था ठीक रखने, गुणवत्ता युक्त खाद्य पदार्थों का उपयोग मिठाइयों एवं नमकीन बनाने में प्रयोग करने, किसी भी निर्मित मिठाईयों या खाद्य पदार्थों में अखाद्य रंगों का (श्री गणेश, गाय छाप रंग) का उपयोग नहीं करने के निर्देश दिये गये। ग्राहकों को त्यौहारी सीजन में साफ सुथरे व कम घटक रंगों की मिठाइयों का प्रयोग करने तथा साफ-सफाई युक्त खाद्य परीसरों से ही खाद्य पदार्थों का अवसान तिथि, खाद्य लाइसेंस / पंजीयन नंबर देख कर ही पैक्ड खाद्य पदार्थों का क्रय करने कहा गया।

# योग शिविर में बीमारी से बचने के बताये गए उपाय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पलारी

महिला पतंजलि योग समिति के तत्वावधान में पलारी तहसील के गांव संडी कुर्मी भवन में आयोजित तीन दिवसीय योग शिविर का शनिवार को समापन हुआ। पहले दिन योगाचार्य यदु द्वारा सूर्य नमस्कार वृक्षासन पादहस्तासन मधुमेह के लिए तथा युवाओं के लिए आसान योगाभ्यास कराया गया।

दूसरे दिन पतंजलि योग समिति के जिला प्रभारी गंगा प्रसाद साहू सेवानिवृत्त कुष्ठ रोग विशेषज्ञ द्वारा साइटिका, कमर दर्द, घुटना दर्द, उदर रोग को योग द्वारा कैसे ठीक करना है विस्तार से बताया। तीसरे दिन जिला प्रभारी मीना साहू एवं पलारी तहसील प्रभारी हेमलता कन्नौजे द्वारा जोगिंग के 12 अभ्यास सूर्य नमस्कार का मंत्रों व श्वासों के साथ अभ्यास कराया गया। जिला प्रभारी द्वारा आठ प्राणायाम की विधि स्वस्थ वृत्त सूत्र और आयुर्वेद की उपयोगिता की जानकारी दी गई। उपस्थित ग्रामवासियों ने नियमित योगाभ्यास करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में मिथलेश वर्मा, कौशल साहू, नर नारायण चंद्रवंशी, दिनेश साहू, राजेश बल्लू वर्मा, हरिश साहू, चमन चंद्राकर, संतोष वर्मा, रूपलाल साहू, अचल अग्रवाल, अजित चंद्राकर, दशरथ कन्नौजे, राधिका वर्मा, स्मिता अग्रवाल, दामिनी वर्मा, गायत्री वर्मा, केवला साहू, मानसी वर्मा, पुनित वर्मा का विशेष सहयोग रहा।

# छात्रों को मिला हर्बल गुलाल निर्माण का प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

कमलाकांत शुक्ला इंस्टीट्यूट में उन्नत भारत अभियान एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में बीएड द्वितीय सेमेस्टर के प्रशिक्षणार्थियों के लिए रोजगारोन्मुखी कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षणार्थियों को हर्बल गुलाल निर्माण का व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वरोजगार की दिशा में प्रेरित करना एवं उन्हें आत्मनिर्भर बनने के लिए व्यावहारिक कौशल प्रदान करना था।

निर्मित हर्बल गुलाल का विक्रय प्रशिक्षणार्थियों द्वारा बाजार में किया गया, जिससे विद्यार्थियों को आर्थिक लाभ प्राप्त हुआ तथा उन्हें व्यावसायिक अनुभव भी मिला।

डायरेक्टर मनीष शुक्ला एवं प्राचार्य डॉ. वंदना चौहान ने कहा ऐसे रोजगारमुखी कार्यक्रमों को निरंतर प्रोत्साहन दिया जाता है, जिससे छात्र-छात्राएं भविष्य में स्वरोजगार के विभिन्न अवसरों को अपनाने के लिए सक्षम बन सकें। कार्यक्रम के संचालन में डॉ. पूर्णिमा कौशिक, भावना हेंवार, नेहा सिंह एवं अनुपम उमरे सहित अन्य प्राध्यापकगण की सक्रिय भूमिका रही।



# निजी अस्पताल के डॉक्टरों ने की छात्रों के दांतों की जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

शहर के एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल में स्वास्थ्य जागरूकता और सांस्कृतिक उत्सव का अनूठा संगम देखने को मिला। विद्यालय परिसर में चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल के दंत चिकित्सकों द्वारा विद्यार्थियों का निःशुल्क दंत परीक्षण किया गया। इसके पश्चात होली स्नेह मिलन समारोह का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि के रूप में एसडीओपी अपूर्वा क्षत्रिय उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि स्त्री रोग विशेषज्ञ एवं चंदा देवी तिवारी हॉस्पिटल की संचालिका डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने शिरकत की। विद्यालय प्रबंधन द्वारा अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया।

डॉ. गीतिका शंकर तिवारी ने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का निवास होता है, इसलिए पढ़ाई के साथ-साथ स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान देना आवश्यक है।

प्राचार्य डॉ. एकता शुक्ला ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि एक्स्ट्राऑर्डिनरी क्लास वर्ल्ड स्कूल सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है। ऐसे आयोजन बच्चों में स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उन्हें अपनी सांस्कृतिक परंपराओं से भी जोड़ते हैं। शाला संचालक अभिषेक मिकी तिवारी ने कहा कि स्वस्थ काया ही सर्वांगीण विकास का प्रतीक है। वहीं सह-संचालक टूकेश्वर वर्मा ने होली के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बच्चों को सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण ढंग से त्योहार मनाने की सीख दी।



### स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश

दंत परीक्षण के दौरान डॉ. आकांक्षा ग्रेवाल एवं डॉ. आकृति यादव ने विद्यार्थियों के दांतों की बारीकी से जांच की। चिकित्सकों ने बच्चों को दिन में दो बार ब्रश करने, मीठे खाद्य पदार्थों के सेवन के बाद कुल्ला करने तथा दांतों की नियमित सफाई रखने की महत्वपूर्ण आदतों के बारे में विस्तार से जानकारी दी।मुख्य अतिथि एसडीओपी अपूर्वा क्षत्रिय ने विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं संयमित तरीके से होली मनाने का संदेश देते हुए कहा कि वे स्वयं भी सावधानी बरतें और अपने परिजनों को भी सुरक्षित होली खेलने के लिए प्रेरित करें।

# नगर में आज होगा व्यंजन मेला और हाट बाजार का आयोजन

**भाटापारा।** होली पर्व की पूर्व संध्या पर व्यंजन मेला एवं हाट बाजार का आयोजन रविवार को कान्यकुब्ज भवन पुष्प मंगलम में होगा। तैयारी को अंतिम रूप देने अखंड ब्राम्हण समाज सेवा समिति नारी प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शिवानी शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष ऊषा मिश्रा के साथ शनिवार को कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण करते हुए तैयारियों का जायजा लिया। आज होने जा रहे इस महाआयोजन के संबंध में मीडिया प्रभारी ममता दीवान एवं सरितारानी शर्मा ने बताया कि एक ओर जहां होली महापर्व के मद्देनजर व्यंजनों की बहार नजर आयेगी वहीं रंगोत्सव के लिए रंग गुलाल पिचकारी के स्टॉल भी सजे हुए नजर आयेंगे, इसके अलावा अन्य विविध तरह के पकवानों से सजे इस मेला में कलाकृति से जुड़े सामाग्री के साथ ही विविध वस्त्र ज्वैलरी की मनोरम झांकी भी हाट बाजार के रुप में नजर आएगी।

इसके अलावा विविध तरह की रचनात्मक गतिविधियां एवं मनोरंजन से जुड़े आयाम भी व्यंजन मेला एवं हाट बाजार की शोभा बढ़ाएंगे। सुबह दस बजे से रात्रि दस बजे तक आयोजित होने वाले इस व्यंजन मेला एवं हाट बाजार में अधिक से अधिक भागीदारी का आव्हान समिति के पदाधिकारियों एवं वरिष्ठ सदस्यों ने किया है।

# वृहत किसान सम्मेलन में 10 किसानों को प्रमाण पत्र वितरित



**गोपालपुर।** प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादा गोपालपुर में कृषि उन्नति योजना अंतर्गत अदान सहायता राशि वितरण समारोह एवं वृहत किसान सम्मेलन हुआ। इसमें 10 किसानों को प्रमाण पत्र वितरण किए गए। रमेश नवरत्न प्रभारी ब्यस्थापक ने बताया सत्र में 39066 क्विंटल कुल धान खरीदी की गई। जिसकी कुल राशि 92547354, जिसमें ऋण वसूली की गई 16897493, धान उठाव के कार्य लगभग पूर्णतः की ओर है।

## पेज 03 के शेष

### परियोजना अधिकारी को ...

जाती है कि वह नियम, संवेदनशीलता और न्यायिक मर्यादा का पूर्ण पालन करे, किंतु इस प्रकरण ने कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। विभागीय सूत्रों के अनुसार, न्यायालय की सख्त टिप्पणी के बाद प्रशासनिक हलकों में हलचल है। यदि प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं पाया गया तो कठोर अनुशासनात्मक कार्रवाई से इंकार नहीं किया जा सकता।

### जिले के 157378...

प्राप्त राशि 948253 रुपये, जर्वे निवासी किसान चैतन्य कुमार चंद्रवंशी उपार्जित धान की मात्रा 1141 क्विंटल प्राप्त राशि 834509 रुपये, गैतरा निवासी किसान सुरेश कुमार कन्नौजे उपार्जित धान की मात्रा 1124 क्विंटल,प्राप्त राशि 821936 रुपये, हिरमी निवासी किसान कामता प्रसाद फेकर उपार्जित धान की मात्रा 1122 क्विंटल, प्राप्त राशि 820182 रुपये, मोहभट्ठा निवासी किसान शैलेश अग्रवाल उपार्जित धान की मात्रा 1116 क्विंटल, प्राप्त राशि 816380 रुपये, कुसमी निवासी किसान मुकेश कुमार वर्मा उपार्जित धान की मात्रा 1084 क्विंटल, प्राप्त राशि 792988 रुपये, ग्राम बोदा निवासी किसान आशीष कुमार अग्रवाल उपार्जित धान की मात्रा 1082 क्विंटल,प्राप्त राशि 790942 रुपये, ग्राम अकलतरा निवासी किसान अरविन्द यदु उपार्जित धान की मात्रा 1080 क्विंटल, प्राप्त राशि 789480 रुपये एवं सुखरी निवासी किसान पीताम्बर उपार्जित धान की मात्रा 1051 क्विंटल, प्राप्त राशि 768719 रुपये शामिल हैं। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष आकांक्षा जायसवाल, कलेक्टर दीपक सोनी नगर पालिका अध्यक्ष, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, भारत स्काउट गाइड के राज्य उपाध्यक्ष विजय केशरवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं बड़ी संख्या में किसान बंधु उपस्थित थे।

### ब्लॉक के 32...

गया। आभार प्रदर्शन सिमगा सोसायटी के अध्यक्ष छोटेलाल यदु ने किया। उक्त अवसर पर कार्यक्रम में प्रमुख रूप से जनपद पंचायत अध्यक्ष दौलत पाल, नगरपालिका उपाध्यक्ष विकास सोनकर, धीरज जैन, अभिजीत अवस्थी, राहुल योगेश साहू, पार्षद टेबू देवांगन, रूझून सोनकर, पार्षद प्रतिनिधि माया सलूजा, अनूप तिवारी, हेमसिंह चौहान, चंद्रप्रकाश टोंडे, रोहित साहू, परस पाटकर, परस साहू, छगन वर्मा, हीरा लाल साहू सहित सैंकड़ों किसान उपस्थित थे।

### मादा गौर शिकार...

की तलाश जारी है और उनकी गिरफ्तारी के लिए विभागीय स्तर पर कार्रवाई जारी है।वन्यजीवों का अवैध शिकार एक गंभीर अपराध है, जिसके नियंत्रण हेतु वन विभाग द्वारा नियमित निगरानी एवं विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। ऐसे प्रकरणों में साक्ष्य संकलन, क्षेत्रीय जांच एवं अभियोजन की प्रक्रिया निर्धारित प्रावधानों के अनुरूप संपन्न की जाती है, ताकि दोषियों के विरुद्ध प्रभावी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित हो सके। यह संपूर्ण कार्रवाई प्रशिक्षु सहायक वन संरक्षक गुलशन कुमार साहू, परिक्षेत्र अधिकारी अर्जुनी, रुपेश्वरी दीवान प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल एवं डब्बू साहू प्रशिक्षु वनक्षेत्रपाल द्वारा संपन्न की गई। वनमंडलाधिकारी बलौदाबाजार धम्मशील गणवीर ने नागरिकों से वन्यजीव संरक्षण में सक्रिय सहयोग प्रदान करने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि वन एवं वन्य प्राणी हमारे प्राकृतिक धरोहर हैं और उनकी सुरक्षा हेतु समाज की सजग सहभागिता अत्यंत आवश्यक है।

HEALTH TOWN

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
> वात रोग > घुटने के दर्द > पीठ व कमर दर्द > स्पॉन्डिलाइटिस > लिगामेंट के दर्द
> साइटिका > गोल्फ एल्बो > फ्रोजन शोल्डर > शरीर मे जकड़न
जोड़ों, नसों, मांसपेशियों के सभी प्रकार के दर्द का इलाज
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003

Piles Care Clinic
ISO 9001:2015 Certified Clinic
Unit of Dr Abhimanyu's Pain Relief Center
बिना चीरफाड़ के बवासीर (पाइल्स), फिस्टुला (भगंदर) फिशर्स, पिलोनिडल साइनस का
लेजर मशीन /क्षार सूत्र द्वारा आपरेशन की सुविधा
लेडिस डॉक्टर उपलब्ध

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130




## खबर संक्षेप

### आरक्षक भूपेश यादव ने 14वीं बार किया रक्तदान

**अर्जुनी।** पुलिस जवान न केवल कानून-व्यवस्था संभालने में, बल्कि समाज सेवा में भी मिसाल पेश कर रहे हैं। अनुविभागीय अधिकारी पुलिस कार्यालय में लीडर के पद पर पदस्थ भूपेश यादव ने 28 फरवरी को 14वीं बार



रक्तदान कर मानवता की सेवा की। ग्राम खम्हरिया निवासी भूपेश छात्र जीवन से ही रक्तदान करते आ रहे हैं और वर्तमान में पुलिस सेवा में रहते हुए भी इसे अपना पहला कर्तव्य मानते हैं। पुलिस लाइन एवं आरोग्य ब्लड बैंक द्वारा आयोजित संयुक्त रक्तदान शिविर में उन्होंने हिस्सा लिया। भूपेश यादव के अनुसार, रक्तदान महादान है। दूसरों की जान बचाकर मैं स्वयं को भाग्यशाली मानता हूं। उन्होंने आम नागरिकों से भी निःस्वार्थ भाव से आगे आने और रक्तदान कर जीवन बचाने के इस पुनीत कार्य में सहभागी अनने की अपील की।

### बड़े भाई ने की मारपीट

**महासमुंद।** गाली गलौज कर मारपीट करने के मामले में एक व्यक्ति के विरूद्ध सरायपाली थाने में अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को सुरेश रात्रे पिता जधु रात्रे अंबेडकर नगर सरायपाली ने बताया कि 26 फरवरी को उसके बड़े भाई महेश रात्रे द्वारा जमीन बेचे हो उसका पैसा मुझे भी दो कहकर गाली गलौज कर जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्का एवं डंडा से मारपीट किया गया।

### पटेवा थोना में होली को लेकर हुई बैठक

**झलप।** थाना पटेवा में आगामी होली त्योहार को लेकर बैठक आयोजित की गई। जिसमें क्षेत्र के पत्रकारगण, व्यापारी एवं समस्त कोटवार उपस्थित थे। उपस्थित सभी लोगों ने शांति पूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्वक त्योहार मनाने के लिए अपने सुझाव दिए, जिस पर थाना प्रभारी उमेश वर्मा ने आम जनता से कहा कि त्योहार के मद्देनजर आपसी सामंजस्य से त्योहार मनाने की अपील की।

## निधन

### रामशंकर साहू

**पलारी।** ग्राम रासौटा निवासी 80



वर्ष रामशंकर साहू का निधन हो गया है। उनका अंतिम संस्कार गृहग्राम में किया गया, जहां विधायक संदीप साहू, साहू समाज जिलाध्यक्ष सुनील साहू सहित बड़ी संख्या में नागरिकगण शामिल होकर श्रधांजलि अर्पित की। वे पूर्व सरपंच हरिशंकर साहू के बड़े भाई, शिवनारायण व कृपाराम साहू के पिता तथा पूर्व विधायक शकुंतला साहू के बड़े पिता थे।

---

**विज्ञान दिवस :** गति, पर्यावरण, वैद्युत चालकता व जल चक्र जैसे विषयों पर आधारित रहे मॉडल

# छात्रों ने बनाये वर्किंग और नॉन-वर्किंग मॉडल

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देवसुन्द्रा में विज्ञान दिवस पर विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूली छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिक सोच और रचनात्मक प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विज्ञान मॉडल प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष चेतन साहू, शशिकांत वर्मा, भूषण देवांगन चन्द्रिका साहू पंच, शिवलाल साहू चंद्रप्रकाश वर्मा, हेमिन वर्मा, दुरपति साहू, हीरा यादव, निर्मला पटेल, ईश्वरी पटेल अन्य सदस्यों और बड़ी संख्या में पालकों ने उपस्थित होकर बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

प्रदर्शनी में बच्चों ने विज्ञान के विभिन्न सिद्धांतों पर आधारित वर्किंग और नॉन-वर्किंग मॉडल बनाए। इनमें मुख्य रूप से गति के प्रकार, खाद्य जाल, संतुलित आहार, हमारे गाँव में वायु प्रदुषण, घनत्व आधारित प्रयोग, पर्यावरण संरक्षण, वैद्युत चालकता, रेशे, तारामंडल, जल चक्र, कार्बन के अपररुप, सूक्ष्मजीवों का संसार जैसे आकर्षक मॉडल शामिल थे। बच्चों ने अतिथियों और पालकों को अपने मॉडल की कार्यप्रणाली और उसके फायदों को बड़े आत्मविश्वास के साथ समझाया।कार्यक्रम में शाला विकास समिति के अध्यक्ष और अन्य गणमान्य सदस्यों, पालकों ने मुख्य अतिथि के रूप में स्टॉल्स का निरीक्षण किया। अतिथियों ने हर एक बच्चे से सवाल पूछे और उनकी वैज्ञानिक सोच व मेहनत की प्रशंसा की।

शिक्षिका राजेश्वरी चन्द्रवंशी ने महान भारतीय वैज्ञानिक सर सीवी रमन और उनके रमन प्रभाव के योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि विज्ञान केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे आस-पास के वातावरण में मौजूद है। हमें बस सवाल पूछने और नई खोज करने की आदत डालनी चाहिए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, जिज्ञासा, तार्किक चिंतन एवं प्रयोगधर्मिता की भावना का विकास करना था।

कार्यक्रम के अंत में सभी विद्यार्थियों को शिक्षिका शालिनी वैष्णव द्वारा पुरस्कृत कर उनका हौसला बढ़ाया गया। आयोजन में विज्ञान शिक्षक राज कुमार साहू, एलके करायत, संदीप सुरतांगे प्रधानपाठक, केशरी लाल सरसिंहा, इन्दरमन लाल वर्मा, शाला विकास समिति और ग्रामवासियों का योगदान रहा।



## विज्ञान दिवस पर छात्रों ने प्रस्तुत किए वैज्ञानिक मॉडल

**अर्जुनी।** शासकीय शहीद धनंजय वर्मा हाईस्कूल टोनाटार के संकुल केंद्र प्रांगण में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर स्कूलों में बच्चों ने विज्ञान और गणित के मॉडलों की प्रदर्शनी लगाई। यह दिवस हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। 28 फरवरी 1928 को सर सीआर रमन ने अपनी खोज की घोषणा की थी, इसी खोज के लिए उन्हें 1930 में नोबेल पुरस्कार दिया गया था। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का मूल उद्देश्य विद्यार्थियों को विज्ञान के प्रति आकर्षित व प्रेरित करना है।

इस दौरान पूर्व माध्यमिक शाला प्रधानपाठक गायत्री कुर्रे, प्रधानपाठक प्रेमकुमारी मनहर, प्रधानपाठक दौलत कुंजाम, प्रधानपाठक रमेश कुमार वर्मा, प्रधानपाठक दिनेश कुमार वर्मा, प्रधानपाठक धनेश्वरी वर्मा, गणेश वर्मा, राजकुमार लहरे, सुनील ठाकुर, दर्शन देवांगन, महाजन साहू, जितेंद्र मनहर, युनेश्वरी ध्रुव, ललिता ध्रुव, दुर्गा ध्रुव, हेमबाई खूंटे एवं ऊषा इनकने सहित छात्र-छात्राएं प्रमुख रूप से उपस्थित थे।



### हाईस्कूल टोनाटार में संकुल स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व संगोष्ठी का आयोजन हुआ

मुख्य अतिथि हाईस्कूल मल्दी के नोडल प्राचार्य शैलेन्द्र भसगौरी, संकुल केंद्र टोनाटार के संकुल प्राचार्य शशिकांत सिंह डहरिया संकुल समन्वयक देवकुमार निषाद अजीम प्रेमजी फाउंडेशन से संयोगिता शर्मा, शुभम कुमार एवं संकुल के शिक्षक शिक्षिकाओ की उपस्थिति में छात्र-छात्राओं अंकित राधा, समीर, लेखा महेश्वरी, छत्रपाल हुलास, ऋतुराज, प्रतिभा, निर्जला, मेघा, जान्हवी, मोनिका, अपूर्वी, जिया, प्रशांत, शिवम, राकेश, खेमचंद, दीपक भारती एवं भावना ने अपने-अपने विज्ञान मॉडल प्रदर्शनी में किसान कल्याण पर्यावरण संरक्षण खेल-खेल में चुंबक सौर ऊर्जा ऊष्माशेपी ऊष्माशोषी मिश्रण योगिक के प्रकार मानव शरीर रचना म्यूजिकल बर्ड का प्रदर्शनी कर विज्ञान के प्रति रुचि को प्रदर्शित किया। मुख्य अतिथि शैलेंद्र भसगौरी ने कहा है राष्ट्रीय विज्ञान दिवस विज्ञान से होने वाले लाभ के प्रति समाज में जागरूकता लाने और वैज्ञानिक सोच पैदा करने के लिए हर साल 28 फरवरी को मनाया जाता है। उन्होंने विज्ञान के उपयोगिता के महत्व को विस्तार से बताया। संकुल के नोडल प्राचार्य शशिकांत सिंह डहरिया विज्ञान का महत्व एवं आधुनिक तकनीक की जानकारी देकर कार्यक्रम का समापन किया।

## ज्वालामुखी, विद्युत चालक, वैदिक गणित और चंद्रयान के मॉडल रहे आकर्षक

**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय मोहरेंगा में संकुल स्तरीय टी एल एम प्रदर्शनी का आयोजन हुआ। इसमें संकुल के चार प्राथमिक और तीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय के शिक्षकों ने विषय आधारित नवाचारी मॉडल प्रदर्शित किए।जिसमें शिक्षकों ने वायु वायुमंडल के विभिन्न स्तर, पवन ऊर्जा, ज्वालामुखी, विद्युत चालकता, वैदिक गणित, चंद्रयान-3 रॉकेट आदि मॉडल के टी एल एम का प्रदर्शन किया। प्राथमिक विभाग से भाषा, गणित, अंग्रेजी,पर्यावरण गतिविधियां संबंधी प्रदर्शनी लगाए गए। मिडिल विभाग से विष्णु गिरी गोस्वामी मोहरेंगा प्रथम, वीरेन्द्र कुमार वर्मा भरुवाडीह कला द्वितीय, प्राथमिक विभाग से ज्योति वर्मा भरुवाडीह कला प्रथम, राजेंद्र वर्मा नवीन शाला मोहरेंगा ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रदर्शनी के मुख्य अतिथि स्थानीय जनपद सदस्य लेखूराम सेन एवं

■ मोहरेंगा संकुल में टीएलएम प्रदर्शनी का आयोजन





सरपंच श्यामा धीवर, पंच ललित वर्मा, राजेश नायक, सुरेंद्र साहू, हर्षा, ज्योति शुक्ला, सरिता वर्मा, गंगोत्री साहू अतिथि में कांत कुमार कन्नौजे पचरी समन्वयक उपस्थित थे। जनपद सदस्य लेखुराम सेन ने संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम से बच्चों में नवाचारी ज्ञान की बढ़ोतरी होती है साथ ही पढ़ाई के साथ-साथ रचनात्मक गतिविधि करने का भी अवसर मिलता है। संकुल समन्वयक नेमचंद धीवर ने सभी प्रतिभागी शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

## पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में लगा विज्ञान मेला

**खरोरा।** पूर्व माध्यमिक शाला छड़िया में विज्ञान मेले का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विद्यालय के विज्ञान शिक्षक तारकेश्वर कुमार



धीवर के मार्गदर्शन में छात्रों द्वारा विज्ञान से संबंधित विभिन्न शैक्षिक मॉडलों का प्रदर्शन किया गया। विद्यार्थियों ने जल संरक्षण, सौर ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण, मानव पाचन तंत्र, विद्युत परिपथ आदि विषयों पर ज्ञानवर्धक मॉडल प्रस्तुत किए, जिन्हें उपस्थित जनसमुदाय ने सराहा। कार्यक्रम के सफल आयोजन में शिक्षक संगम कुमार मन्नाडे का विशेष योगदान रहा। उन्होंने विद्यार्थियों को मॉडल निर्माण में तकनीकी सहायता प्रदान की तथा उन्हें वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर प्रधान पाठक धीरेंद्र कुमार वर्मा ने कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित नहीं है, बल्कि यह हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है। ऐसे आयोजनों से बच्चों में जिज्ञासा, तार्किक क्षमता और नवाचार की भावना का विकास होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को निरंतर प्रयोग करने, प्रश्न पूछने और नई खोजों की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। विज्ञान मेले में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

## गिनाई गई नीम, पीपल, बरगद, अदरक, काली मिर्च की उपयोगिता

**बिलाईगढ़।** शहीद वीर नारायण सिंह महाविद्यालय में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ. उमाकांत मिश्र ने किया।डॉ. मिश्र ने कहा छात्र कम से कम 10 महापुरुषों एवं वैज्ञानिकों की जीवनी को पढ़ें। भूगोल विषय के प्रोफेसर पंकज साहू ने औषधीय पौधे नीम, पीपल, बरगद, अदरक, काली मिर्च की उपयोगिता को बताया तथा तांबे एवं कांसे बर्तन की महत्व पर प्रकाश डाला। विज्ञान विभागाध्यक्ष भौतिकी के प्रोफेसर यूएस भारद्वाज ने विद्यार्थियों को वैज्ञानिक चिंतन करने एवं कोई घटना 'क्या क्यों और कैसे' घट रही है इस प्रकार से उत्तर खोजने के लिए प्रेरित किया। प्राध्यापकगण सुश्री अन्नू केवरा, दीपक कुमार कुर्रे,



टीकाराम, शुभम तिवारी द्वारा अपने विचार व्यक्त किए। उक्त कार्यक्रम में बीएस-सी द्वितीय सेमेस्टर की छात्राओं लता कुमारी, सोनिया, लता केवट एवं साथियों द्वारा विज्ञान आधारित नाटक अंधविश्वास के प्रति जागरूकता प्रस्तुत किया। संबोधन उपरांत विज्ञान दिवस पोस्टर प्रतियोगिता, विज्ञान **vs** कला क्विज में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया गया, जबकि विज्ञान मॉडल में भाग लेने वाले बहुताधिक विद्यार्थियों को प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। कार्यक्रम का संचालन एम एस-सी वनस्पति विज्ञान के छात्र अमन राकेश द्वारा किया गया। विज्ञान संकाय के विभागाध्यक्ष यूएस भारद्वाज द्वारा आभार प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में प्राध्यापक सहित विज्ञान संकाय तथा कला संकाय के लगभग 100 से अधिक छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

## मोबाइल फोन, बिजली, इंटरनेट, परिवहन साधन सभी विज्ञान की हैं देन

**बलौदाबाजार।** अंबुजा विद्या पीठ, रवान में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महान वैज्ञानिक डॉ सी. वी. रमन के छायाचित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ किया गया। उपस्थित जनसमूह ने उनके योगदान को स्मरण करते हुए वैज्ञानिक दृष्टिकोण अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम से पूर्व आयोजित विज्ञान प्रदर्शनी में विद्यार्थियों ने विभिन्न विषयों पर आधारित मॉडल एवं परियोजनाएं प्रस्तुत की थीं। इन मॉडलों का मूल्यांकन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को समारोह के दौरान पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के चेहरे पर आत्मविश्वास और उत्साह स्पष्ट दिखाई दे रहा था।




सांस्कृतिक कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों ने आकर्षक नृत्य प्रस्तुत किया। विज्ञान शिक्षिका रचना तिवारी ने कहा कि विज्ञान केवल पाठ्यपुस्तकों तक सीमित विषय नहीं है, बल्कि यह जीवन जीने की एक सोच है। उन्होंने कहा दैनिक जीवन में उपयोग होने वाली वस्तुएं मोबाइल फोन, बिजली, इंटरनेट, परिवहन साधन, चिकित्सा उपकरण सभी विज्ञान की देन हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे केवल रटने की प्रवृत्ति से दूर रहकर प्रयोग और अवलोकन के माध्यम से सीखने का प्रयास करें। अनन्या जोशी ने विज्ञान विषय पर आधारित भावपूर्ण कविता का पाठ किया तथा मिहिका पाण्डेय ने आधुनिक जीवन में विज्ञान की उपयोगिता को स्पष्ट किया।

प्राचार्य डॉ. संजय कुमार पाण्डेय ने इंद्रधनुष के उदाहरण के माध्यम से विज्ञान की सुंदरता को सरल एवं रोचक ढंग से समझाया। मंच संचालन डिम्पल साहू ने किया। सम्पूर्ण आयोजन ज्ञान, प्रेरणा और वैज्ञानिक चेतना से परिपूर्ण रहा तथा विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति नई ऊर्जा और उत्साह का संचार हुआ।

---

**क्रिकेट, रस्साकशी सहित रोचक प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन**

# छात्रों ने खेल में दिखाया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शासकीय गजानन्द अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वार्षिक क्रीड़ा महोत्सव में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और खेल भावना, अनुशासन एवं टीम भावना का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके अंतर्गत विद्यार्थियों एवं स्टाफ के लिए क्रिकेट, रस्साकशी, म्यूजिकल चेयर, चम्मच दौड़, स्लो बाइक रेस एवं बोरा दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में छात्र-छात्राओं ने अपनी खेल प्रतिभा का परिचय दिया।



कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने खेलों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि खेल जीवन के लिए औषधि के समान हैं। यह न केवल शारीरिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाता हैं, बल्कि मानसिक संतुलन, नेतृत्व क्षमता और अनुशासन की भावना का भी विकास करता हैं।

मंच संचालन का दायित्व राजेश शर्मा द्वारा गया। कार्यक्रम में शुभम यदु एवं सुब्बू मानिकपुरी ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रभारी क्रीड़ा अधिकारी डॉ. दीपक कुमार यादव द्वारा सभी प्रतिभागियों, आयोजकों एवं उपस्थित अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया।

इस अवसर पर महाविद्यालय के समस्त प्राध्यापकगण, कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। महोत्सव ने महाविद्यालय परिसर में उत्साह, ऊर्जा एवं सकारात्मक प्रतिस्पर्धा का वातावरण निर्मित किया।




